BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

Term-End Examination

June, 2007

ELECTIVE COURSE : COMMERCE

ECO-6 : ECONOMIC THEORY

Time : 2 hours *Maximum Marks : 50*
(Weightage 70%)

Note : *The paper contains* ***three*** *sections A, B and C. Instructions are given in each section along with marks.*

SECTION A

Answer any ***two*** *questions from this section.* *2×12=24*

1. What is an economic system ? Explain the fundamental problems of an economy.

2. Critically examine the Law of Equimarginal Utility. Explain its importance.

3. Why should equilibrium between marginal cost and marginal revenue be a necessary condition for equilibrium of a firm ? Explain with the help of a diagram.

4. Distinguish between 'functional' and 'personal' distribution of income. How did classical economists explain distribution of income among various factors of production ?

SECTION B

*Answer any **two** questions from this section.* *2×8=16*

5. What is a market ? Explain the characteristics that have to be considered while identifying a market structure.

6. Distinguish between fixed and variable inputs. What is the importance of this distinction in the theory of production ?

7. What is the concept of rent ? Can rent be earned by factors other than land ?

8. Define the concept of indifference curve and explain its properties.

SECTION C

*Answer any **two** questions from this section.* $2 \times 5 = 10$

9. What are the salient features of a mixed economy ?

10. Name the factors on which the price elasticity of commodity depends.

11. Explain the concept of Lorenz curve for measuring income inequality.

12. What are the main features of oligopoly market ?

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2007

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

ई.सी.ओ.-6 : आर्थिक सिद्धांत

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*
(कुल का 70%)

नोट : *इस प्रश्न पत्र में **तीन** खण्ड क, ख और ग हैं । प्रत्येक खण्ड में निर्देशों के साथ उनके अंक दिए गए हैं ।*

खण्ड क

*इस खण्ड से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* *2×12=24*

1. अर्थव्यवस्था क्या है ? किसी अर्थव्यवस्था की मूल समस्याओं की व्याख्या कीजिए ।

2. समसीमांत उपयोगिता नियम का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । इसके महत्त्व की व्याख्या कीजिए ।

3. किसी फर्म के संतुलन के लिए सीमांत लागत और सीमांत आय के बीच संतुलन का होना एक आवश्यक शर्त क्यों होती है ? रेखाचित्र की सहायता से इसकी व्याख्या कीजिए ।

4. आय के 'कार्यमूलक' वितरण और 'वैयक्तिक' वितरण में अंतर बताइए । क्लासिकी अर्थशास्त्रियों ने उत्पादन के विभिन्न कारकों के बीच आय के वितरण की किस प्रकार से व्याख्या की ?

खण्ड ख

इस खण्ड से किन्हीं ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* *2×8=16*

5. बाजार से क्या तात्पर्य है ? किसी बाजार संरचना की पहचान के लिए जिन विशेषताओं को ध्यान में रखना होता है उनकी व्याख्या कीजिए ।

6. निश्चित और परिवर्ती आगतों में अंतर बताइए । उत्पादन के सिद्धांत में इस अंतर का क्या महत्त्व होता है ?

7. लगान की अवधारणा क्या है ? भूमि के अतिरिक्त अन्य कारक भी क्या लगान का अर्जन कर सकते हैं ?

8. अनधिमान वक्र की अवधारणा को परिभाषित कीजिए और उसके गुणधर्मों की व्याख्या कीजिए ।

खण्ड ग

*इस खण्ड से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* $2 \times 5 = 10$

9. किसी मिश्रित अर्थव्यवस्था की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

10. उन कारकों के नाम बताइए जिन पर किसी वस्तु की कीमत लोच निर्भर करती है ।

11. आय की असमानता को मापने के लिए लॉरेंज वक्र की अवधारणा की व्याख्या कीजिए ।

12. अल्पाधिकार बाजार की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?